रॉयल बुलेटिन
एक अखबार, सारा संसार

मेरठ में नकली शक्तिवर्धक गोली और इंजेक्शन बनाने का भंड़ाफोड़,एक आरोपी गिरफ्तार

मेरठ। पुलिस ने फिर से बड़ी कार्रवाई करते हुए कंकरखेड़ा में नकली शक्तिवर्धक गोली और इंजेक्शन बनाने का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार कंकरखेड़ा निवासी शाहरुख अपने घर में ही नकली शक्तिवर्धक इंजेक्शन और फूड सप्लीमेंट बना रहा था। इस सूचना पर मेरठ से सर्विलांस की टीम मौके पर पहुंच गई और छापा मारकर इस रैकेट का भंडाफोड़ कर दिया।
पुलिस को मौके से काफी संख्या में नकली शक्तिवर्धक इंजेक्शन और फूड सप्लीमेंट बरामद हुए हैं। वहीं तयखाने से काफी संख्या में नोटों की गड्डियां भी बरामद हुई हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुट गई है। वहीं इंस्पेक्टर कंकरखेड़ा का कहना है कि अभी पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है। मौके से काफी मात्रा में रुपये भी बरामद हुए हैं।

Source: https://royalbulletin.in/Uttar-Pradesh/meerut/One-accused-arrested-for-making-fake-potent-pills-and/cid8308926.htm